>

Title: The Minister of Heavy Industries and Public Enterprises made certain clarifications regarding speech made by his party Member Shri Prataprao Ganpatrao Jadhav.

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री अनंत गंगाराम गीते): सभापति जी, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलते हुए मेरी पार्टी के सदस्य श्री प्रताप जाधव ने शिव सेना पार्टी का झंडा भगवा है, का जिक्र किया। जब उन्होंने यहां पर कहा तो उनके कहने पर मुझे लगता है कि बहुत बड़ी गलतफहमी सदस्यों में हो गई।...(व्यवधान) पहले आप सुन लीजिए और अगर सुनने के बाद यदि कुछ लगता है तो आपत्ति कर सकते हैं। मुझे ऐसा लगता सदन में सदस्यों में गलतफहमी हो गई। मैं बिल्कुल एक बात को साफ तौर पर सदन के सामने रखना चाहता हूं। शिव सेना पार्टी के प्रमुख श्री बाला साहेब ठाकरे जी आज हमारे बीच नहीं हैं, उन्होंने पार्टी की स्थापना दिवस से भूमिका पूरे देश में ली है कि राष्ट्र ध्वज तिरंगा और संविधान के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता, कप्रोमाइज हो नहीं सकता है। पहले दिन से जब से पार्टी गठित हुई है उस दिन से यह नारा शिव सेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे जी ने दिया था इसलिए तिरंगे का अपमान करने का इरादा सदस्य के मन में नहीं था। हम शिव सेना से हैं, शिव सेना का झंडा भगवा है। जब हम चुनाव प्रचार या रैलियों में जाते हैं, तब कई नारे लगाते हैं। जैसे महाराष्ट्र में हमेशा नारा देते हैं कि महाराष्ट्र के विधान भवन पर भगवा लहराए...(व्यवधान) हम भाषण के नारे में कहते हैं। पांच साल हमारा राज था लेकिन पांच साल विधान भवन पर तिरंगा लहराया है और तिरंगा ही लहराएगा। इसमें कोई कप्रोमाइज नहीं है, राष्ट्र ध्वज और संविधान पर कोई कप्रोमाइज नहीं है।

मैं अंतिम बात कहना चाहता हूं कि जो विचारधारा बाला साहेब ठाकरे जी की थी, मैं उसे इसलिए याद कर रहा हूं क्योंकि धार्मिकता या सैक्युलरिज्म के संदर्भ में उन्होंने एक बात कही थी जो शायद देश में किसी ने नहीं कही होगी। मैं इसका जिक्र इसलिए करना चाहता हूं कि उनकी विचारधारा आप लोगों की समझ में आए और यही विचारधारा हमारी पार्टी की भी है। ...(व्यवधान) आप सुन लीजिए। दोबारा यह बात न आए इसलिए आप सुन लीजिए।...(व्यवधान) हम धर्मनिरपेक्षता की बात कहते हैं लेकिन जब हम न्यायालयों में जाते हैं तो हिंदू - भगवद गीता, मुस्लिम भाई - कुरान, क्रिश्चियन - बाइबल की शपथ लेते हैं। इस संदर्भ में भी बाला साहेब ठाकरे जी ने कहा था कि यदि सचमुच धर्मनिरपेक्षता लानी है और न्यायालयों में यदि कसम देनी है तो संविधान की दीजिए।

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : Sir, it should be withdrawn. It should not appear in the proceedings....(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : I will examine it.

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : It should not become part and parcel of the proceedings. It should not come in the proceedings.

श्री अनंत गंगाराम गीते: इसमें विड्रॉं करने वाली कोई बात है नहीं। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : यह ठीक नहीं है।...(व्यवधान)

श्री अनन्त गंगाराम गीते : इसमें विदड्रा करने वाली कोई बात नहीं है। सभापति जी, आप जांच करिये, यदि आपको लगता है तो आप निश्चित रूप से विदड्रा कीजिए। आप कर सकते हैं, आसन से आप विदड्रा कर सकते हैं।

HON. CHAIRPERSON: That is over now. He has already told that. I will examine it and if there is anything objectionable, it will be expunged.

...(*Interruptions*)

श्री अनन्त गंगाराम गीते : आप मेरी बात सुनिये, सभापति जी विदड्रा कर सकते हैं, यह आसन का अधिकार है, यदि आपको कुछ ऑब्जैक्शनेबल लगता है तो आप उसे निश्चित रूप से विदड्रा कर सकते हैं। ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: It will be examined and it will be expunged.

...(*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : There is nothing to examine. ...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Now, next hon. Member will speak. गीते जी, कृपया आप बैठ जाइये। अभी श्री नरसिम्हन जी बोल रहे हैं। Shri Thota Narasimham.

HON. CHAIRPERSON : The House stands adjourned to meet tomorrow, the 11th June, 2014 at 11.00 a.m.

19.16 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Wednesday, June 11, 2014/Jyaishtha 20, 1936 (Saka).

---

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table.

* Speech was laid on the Table

* Speech was laid on the Table

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table.

* Not recorded.

* Speech was laid on the Table